दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 16 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-49

# तमिलनाडु में गाजा तूफान ने मचाई तबाही, 11 लोगों की मौत

चेन्नई (आरएनएस)। मौसम विभाग के अलर्ट बाद गाजा तूफान तमिलनाडु के नागापट्टनम पहुंच गया है और वहां जमकर तबाही मचा रहा है। इस तूफान में अब तक 11 लोगों के मारे गए हैं। गाजा तुफान ने गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे नागापट्टनम में दस्तक दी थी।

तुफान के चलते हवा की रफ्तार करीब 90-100 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई है। तेज हवा और बारिश के कारण कई जगहों पर भारी नुकसान देखने को मिला है। तूफान की चपेट में आने से अबी तक 11 लोग की मौत की खबर है। वहीं राज्य सरकार ने मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है। इससे पहले गुरुवार शाम से ही तमिलनाडु के तटीय इलाकों में बारिश और तेज हवाओं का दबदबा देखने को मिला था। इसके बाद तेज हवा के कारण नागापट्टनम में कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ गिर गए और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।



मौसम विभाग के उप महानिदेशक एस बालाचंद्रन के मुताबिक, नागपट्टिनम और पड़ोस के पुडुचेरी में कराईकल से करीब 140 किलोमीटर दूर खाड़ी के ऊपर गुजर रहे तूफान के गुरुवार की रात कुड्डालोर और पामबन के बीच तट पार करने का अनुमान है, जिसके बाद यह कमजोर हो जाएगा। वहीं चेन्नई मौसम विभाग ने कहा है कि गाजा तुफान समुद्र के रास्ते होते हुए तमिलनाडु के कई इलाकों में पहुंच चुका है।

इसके जमीन पर आने के साथ ही इसकी भीषणता समुद्र के ऊपर रहने के मुकाबले कुछ कम होगी और धीरे-धीरे इसमें बढ़ोतरी होगी।

गाजा के खतरे को देखते हुए करीब 60 हजार से ज्यादा लोगों को प्रदेश भर के छह जिलों में स्थित 331 राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है। जिन इलाकों से तुफान के गुजरने का अनुमान है, वहां हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आज से खुल रहे द्वार, तृप्ति देसाई भी तैयार

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस**

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल में चर्चित सबरीमाला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं की एंट्री को लेकर जारी विवाद के बीच शुक्रवार से दो महीने का पर्व शुरू हो रहा है। ऐसे में इस त्योहारी पर्व के लिए शुक्रवार को मंदिर एक बार फिर खोला जाएगा। गुरवार को मंदिर में हर उम्र की महिलाओं की एंट्री को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक बेनतीजा रही। इसके बाद विवाद और गहरा गया है। किसी भी तरह की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए हैं। निलक्कल, पंबा और सन्निधनम में धारा 144 लागू कर दी गई है। उधर, भूमाता ब्रिगेड की संस्थापक तृप्ति देसाई भी कोच्चि एयरपोर्ट पहुंच गई हैं। बता दें कि तृप्ति शनिवार को मंदिर में जाने की कोशिश करने वाली हैं।

### न्यूयॉर्क में बर्फबारी से यातायात बाधित

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में इस साल की पहली बर्फबारी हुई, जिससे यातायात बाधित हो गया। उड़ानें रद्द कर दी गई और लोगों को यात्रा करने में मुश्किलें आईं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, गुरुवार दोपहर शुरू हुई बर्फबारी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। ब्रोंक्स में पांच इंच तक बर्फ जमा हो गई।

### लिव-इन पार्टनर से गुजारा भत्ता मांग सकती है महिला

नई दिल्ली (आरएनएस)। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला अपने पार्टनर के खिलाफ घरेलू हिंसा कानून के तहत गुजारे भत्ते के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन के एक मामले में अपना फैसला देते हुए कहा है कि घरेलू हिंसा में न सिर्फ शारीरिक, मानसिक बल्कि आर्थिक तौर पर प्रताड़ित करने के मामले में लिव-इन में रह चुकी महिला अपने पार्टनर के खिलाफ कानूनी उपचार का सहारा ले सकती है। इस कानून के तहत वह गुजारा भत्ते की हकदार है।

### योगी ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण

लखनऊ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया।

### बेटे को कुएं में गिरते देख माँ ने भी लगा दी छलांग

चतरा। अपने तीन साल के जिगर के टुकड़े को कुएं में गिरता देख उसे बचाने के लिए मां ने भी कुएं में छलांग लगा दी। इतना ही नहीं मां और बेटे को कुएं में गिरता हुआ देख पड़ोस के युवक ने उन्हें बचाने के लिए छलांग लगा दी. एक के बाद एक, तीन लोगों के कुएं में गिरने की खबर पर चारों तरफ चीत्कार मच गया. मामला झारखंड के चतरा जिला के पत्थलगड़ा प्रखंड स्थित बरवाडीह गांव का है. जानकारी के मुताबिक, बरवाडीह के पाकर टोला में कुछ बच्चे सड़क के किनारे खेल रहे थे. पास में एक कुआं भी था. खेलते-खेलते मो. सनाउल्लाह का तीन वर्षीय बेटा मोहम्मद समीमउल्लाह कुएं में गिर गया.

### आम आदमी पार्टी के पार्षद के घर चली गोलियां

नई दिल्ली। बृहस्पतिवार की शाम आम आदमी पार्टी के पार्षद जितेंद्र कुमार के घर पर कथित तौर पर हमला हुआ. शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया.

# जाति नहीं योग्यता के आधार पर हो आरक्षण

लखनऊ (आरएनएस)। प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने शुक्रवार को नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान किया। हालांकि पार्टी का नाम अभी तय नहीं है। शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में राजा भैया ने बताया कि चुनाव आयोग को तीन नाम भेजे गए हैं। हालांकि चर्चा है कि राजा भैया अपने दल का नाम 'जनसत्ता पार्टी' रखेंगे। उधर, राजा भैया ने प्रेस वार्ता में एससी-एसटी ऐक्ट को लेकर सवाल भी खड़े किए।

पार्टी गठन की जानकारी देने के लिए बुलाए गए प्रेस वार्ता में राजा भैया ने आरक्षण के मुद्दे को भी जोर-शोर से उठाया। राजा भैया ने कहा कि प्रमोशन में आरक्षण लोगों को हतोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि योग्यता के आधार पर आरक्षण होना चाहिए। एससी-एसटी ऐक्ट पर केंद्र को घेरते हुए राजा भैया ने कहा कि यह कदम न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामले में पहले विवेचना और उसके बाद ही गिरफ्तारी होनी चाहिए।

**राजा भैया ने किया नई पार्टी का ऐलान**



**30 नवम्बर को करेंगे रैली**

इस दौरान राजा भैया ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान एससी-एसटी ऐक्ट और आरक्षण में प्रमोशन का विरोध उनकी पार्टी का मुख्य मुद्दा होगा। प्रेस वार्ता में राजा भैया ने 30 नवम्बर को लखनऊ के रमाबाई मैदान में रैली आयोजित करने की भी जानकारी दी। माना जा रहा है कि इसी रैली के जरिए राजा भैया 2019 लोकसभा चुनाव का आगाज भी करेंगे।

**बीजेपी का इशारा तो नहीं!**

चर्चा यह भी है कि राजा भैया द्वारा नई पार्टी के गठन के पीछे बीजेपी के शीर्ष नेताओं का ही इशारा है। तर्क है कि राजा राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं।

# सूर्य के निकटतम एकल तारे का चक्कर लगा रहा सुपर अर्थ

पैरिस (आरएनएस)। खगोल विज्ञानियों ने सूर्य के निकटतम एकल तारे का चक्कर लगा रहे जमे हुए एक सुपर अर्थ का पता लगाया है जिससे पृथ्वी के निकटतम पड़ोसी ग्रहों के बारे में जानकारियां सामने आ सकती हैं। ब्रिटेन के क्वीन मैरी लंदन यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार संभवतः चट्टानों वाला यह ग्रह धरती से भी बड़ा है और उसे बर्नाड्स स्टार बी के नाम से जाना जाता है।



वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह सुपर अर्थ अपने मेजबान तारे का 233 दिनों में चक्कर लगाता है। विज्ञान पत्रिका जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार यह ग्रह अपने मेजबान तारे से इतना दूर है जिसे स्नो लाइन कहा जाता है। यानी इस दूरी पर पानी, अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी चीजें ठंड की वजह से जम जाती हैं।

अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, इस ग्रह की दशाएं पर्यावास क्षेत्र से परे हैं। पर्यावास क्षेत्र में द्रव पानी और संभवतः जीवन का अस्तित्व होता है।

# भारतीय मूल के मंत्री ने दिया इस्तीफा

## यूके पीएम को अविश्वास मत का खतरा


लंदन (आरएनएस)। मुश्किलों से घिरी ब्रिटेन की प्रधानमंत्री टरीजा मे के सामने गुरुवार को संभावित तख्तापलट की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल, भारतीय मूल के मंत्री शैलेश वारा, ब्रेग्जिट सचिव डोमनिक राब और दो अन्य मंत्रियों ने यूरोपीय संघ (ईयू) से अलग होने के लिए प्रस्तावित 'अधपके' समझौते को लेकर बंटे हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया।



उत्तरी आयरलैंड के मंत्री पद से वारा के इस्तीफा देने के कुछ ही मिनट बाद प्रधानमंत्री मे को बड़ा झटका लगा जब उनके ब्रेग्जिट सचिव डोमनिक राब ने कहा कि वह 28 सदस्यीय देशों के संघ से हटने के समझौते के मसौदे का 'विवेक रहते' समर्थन नहीं कर सकते। इस्तीफों के बीच ब्रेग्जिट समर्थक जैकब रीस मोग ने हाउस ऑफ कॉमंस में 62 वर्षीय मे को सीधे चुनौती दे डाली। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी में टरीजा के नेतृत्व के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंपा।

मे के विरोधियों को अविश्वास मत के लिए पार्टी के सांसदों से 48 पत्रों की जरूरत है। रीस मोग ने पत्रकारों से कहा कि 'तख्तापलट' एक गलत शब्द है क्योंकि वह प्रधानमंत्री को हटाने के वैध तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यूरोपीय संघ छोड़ना ब्रिटेन के लिए शानदार मौका है। इसका मतलब है कि हमारे पास निम्न शुल्क तय करने, सस्ते भोजन, कपड़े, जूते तय करने का मौका हो सकता है जिससे समाज के गरीब तबके को सबसे अधिक मदद मिलेगी। इस मौके को बर्बाद किया जा रहा है।' राब के इस्तीफे ने प्रधानमंत्री मे के नेतृत्व को अस्थिरता में डाल दिया है।

# पंजाब पुलिस ने लगाए आतंकी जाकिर मूसा के पोस्टर, हाई अलर्ट



अमृतसर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन अल-कायदा के कमांडर जाकिर मूसा को अमृतसर में देखे जाने के बाद पंजाब पुलिस ने उसके पोस्टर रिलीज किए हैं। हाल ही में पुलिस को जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के राज्य में घुसने के इनपुट मिले थे, जिसके बाद से राज्य में हाई अलर्ट है। नवंबर की शुरुआत में आई इंटेलिजेंस रिपोर्ट ने कश्मीर घाटी में जाकिर और हिज्बुल के मिलकर हमला करने की योजना से संबंधित इनपुट दिया था। हिज्बुल के आतंकी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में देखे गए थे।

गुरदासपुर के एसएसपी स्वरनदीप सिंह ने बताया, हमें अमृतसर के पास उसके होने के इनपुट मिले थे। इसलिए हमने लोगों को सतर्क करने के लिए उसके पोस्टर रिलीज किए हैं और लोगों से अपील की है कि उनके पास कोई इन्फॉर्मेशन हो तो हमें दें। हमें इनपुट मिले थे कि जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी फिरोजपुर के रास्ते पंजाब में दाखिल हो रहे हैं। इसलिए हमने एहतियातन यह कदम उठाया था। अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। चेकिंग जारी है।

# ब्रिटिश संसद ने यौन उत्पीड़न के आरोपी सदस्य के निलंबन पर लगाई रोक

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन के ऊपरी सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने उस सांसद के निलंबन पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को मतदान किया, जिसपर पदोन्नति के बदले में एक महिला को अपने साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने की कोशिश का आरोप है। सांसदों ने हाउस ऑफ लॉर्ड्स कमिटी की सिफारिशों को खारिज कर दिया और लंबी चर्चा के बाद 78 के मुकाबले 101 मतों से मामले को फिर से समीक्षा के लिए भेज दिया। समिति ने सिफारिश की थी कि 82 वर्षीय मानवाधिकार वकील और मध्यमार्गी लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी के सदस्य एंथनी लेस्टर पर सबसे लंबा प्रतिबंध लगाया जाए। यह कम से कम द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से किसी ब्रिटिश सांसद के खिलाफ सबसे लंबा प्रतिबंध होता। यह मतदान तब हुआ जब यौन शोषण के आरोपों को लेकर संसद के दोनों सदनों में काफी हंगामा हुआ। समिति ने अपनी 134 पृष्ठों की रिपोर्ट में कहा कि लेस्टर ने पीड़िता से कहा, ''अगर तुम मेरे साथ सोती हो तो मैं तुम्हें एक साल में बैरोनेस बना दूंगा।'' समिति ने लेस्टर पर जून 2022 तक प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।



# सोने के गहनों पर हॉलमार्क होगा अनिवार्य, सरकार जल्द लेगी फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने गुरुवार को कहा है कि केन्द्र जल्दी ही उद्योगों के लिए सोने के आभूषणों और गिन्नी पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाएगा। पासवान ने यहां भारतीय मानक ब्यूरो के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सोने के आभूषणों पर हालमार्किंग का काम शुरू किया गया है लेकिन सरकार इसे उद्योगों के लिए सोने के आभूषणों पर अनिवार्य बनाना चाहती है।

# पुलिस हैड कॉन्स्टेबल ने खुद को मारी गोली, मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार सुबह पुलिस हैड कॉन्स्टेबल ने खुदकुशी कर ली. सोमवीर नाम के हैड कॉन्स्टेबल ने सुबह चार बजे खुद को गोली मार ली. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना दिल्ली सचिवालय के वीआईपी पार्किंग एरिया में हुई है.

# सपना चौधरी के इवेंट में भीड़ हुई बेकाबू, बवाल में एक की मौत

बेगूसराय (आरएनएस)। रियेलिटी शो बिग-बॉस से देशभर में मशहूर हुई हरियाणा की डांसर सपना चौधरी के एक कार्यक्रम के दौरान भारी बवाल हो गया।



बिहार के बेगूसराय में छठ पर आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना में एक शख्स की मौत की आशंका है। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि इससे पहले भी सपना चौधरी के कार्यक्रमों में कई बार भीड़ बेकाबू होने से विवाद हुआ है।

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार बिहार के बेगूसराय जिले में छठ पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# अमेरिका से 13,500 करोड़ रुपये के हेलिकॉप्टर खरीदना चाहता है भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। रूस और भारत के बीच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम पर हुई डील से अमेरिका खुश नहीं था। इस डील से पहले कई बार उसने (अमेरिका) चेताया था कि अगर भारत ने रूस से यह डील की, तो वह अमेरिकी दंडात्मक प्रतिबंधों के लिए तैयार रहे। हालांकि भारत ने रूस के साथ इस डील को पूरा किया।

भारत के महत्व को समझते हुए बाद में अमेरिका ने भारत के प्रति अपना रुख बदला और रूस के साथ हुई इस डील पर वह भारत को विशेष छूट देने पर राजी हो गया। हालांकि यह बात किसी से छिपी नहीं थी कि अमेरिका इस डील से खुश नहीं था। अब नई दिल्ली एक बार फिर दोनों देशों के आपसी संबंधों में संतुलन साधने की तैयारी में है। भारत अब अमेरिका के साथ एक डिफेंस डील करने की तैयारी कर रहा है। भारत सरकार ने ट्रंप प्रशासन से 24 रोमियो एमएच-60 हेलिकॉप्टर खरीदने की इच्छा जताई है।



भारत सरकार ने इन लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए अमेरिकी प्रशासन को 13,500 करोड़ रुपये का लेटर ऑफ रिक्वेस्ट भेजा है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि भारत टारपीडो जैसे हथियार और एंटी-सबमरीन मिसाइल के रखरखाव के जरूरी अन्य उपकरणों की खरीदारी की यह डील जल्द से जल्द करने का इच्छुक है।

भारतीय नेवी के जंगी बेड़े को और ताकत देने के लिहाज से सरकार इस डील को 2020-2024 तक पूरा करने के मूड में है। इन दिनों चीनी परमाणु और डीजल इलेक्ट्रिक सबमरीन भारतीय समुद्री सीमा में बार-बार घुसने की हिमाकत करते हैं। दो सरकारों (भारत-अमेरिका) के बीच होने वाले इस समझौते (एमएच-60 हेलिकॉप्टर्स की) की निर्माता कंपनी शिकोर्स्की-लोकहीड मार्टिन है। यह अमेरिका की विदेश मिलिटरी सेल्स प्रोग्राम का हिस्सा है। भारत को उम्मीद है कि वह एक साल के भीतर इस डील पर अमेरिका के साथ हाथ मिला लेगा।

रक्षा सौदों के लिहाज से देखें, तो 2007 से अब तक अमेरिका भारत के साथ इस क्षेत्र में अपने व्यापार को 17 बिलियन डॉलर तक बढ़ा चुका है। पिछले एक दशक का आकलन करें, तो बीते 3-4 सालों में अमेरिका को भारत को रूस से ज्यादा मिलटरी उपकरणों की आपूर्ति करा रहा है।